रोल नं.
Roll No. | 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | | | | | | | |

NMMSE 16 - MAT

# नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा – 2016

(कक्षा – 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

# NATIONAL MEANS-CUM- MERIT SCHOLARSHIP EXAMINATION – 2016

(For Students Studying in Class – 8)

## मानसिक योग्यता परीक्षण

## Mental Ability Test

भाग / PART I

समय : 90 मिनट
Time : 90 Minutes

पूर्णांक : 90
Max. Marks : 90

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / Instructions to Candidates

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए

Read the following instructions carefully before you answer the questions –

1 मानसिक योग्यता परीक्षण पहले 90 मिनट में होगा। तत्पश्चात् शैक्षिक योग्यता परीक्षण लिया जाएगा।
मानसिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नों के उत्तर दिए गए उत्तर पत्रक पर देने हैं।
प्रथम 90 मिनट की समाप्ति पर मानसिक योग्यता परीक्षण का उत्तर पत्रक ले लिया जाएगा।

2 अपना रोल नम्बर, जैसा कि आपके प्रवेश पत्र में दिया गया है, स्पष्ट लिखिए (एक बॉक्स में केवल एक अंक) यह ध्यान रखें कि कोई बॉक्स रिक्त न रह जाए।

उदाहरण :

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | 0 | 4 | 0 | 3 | 2 | 1 | 5 |

3 यह परीक्षा दो भागों में है। **भाग – प्रथम** में 90 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।
**मानसिक योग्यता –45 प्रश्न(1 से 45 तक)**
**हिन्दी – 25 प्रश्न (46 से 70 तक)**
**अंग्रेजी – 20 प्रश्न (71 से 90 तक)**

4 प्रत्येक प्रश्न का **उत्तर उत्तर–पत्रक** में उसी प्रश्न संख्या के सामने दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प वाली संख्या के ओवल में **एच बी पेन्सिल से गहरा काला** कर दीजिए। गहरा काला न होने पर स्केनर द्वारा न पढ़े जाने की जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी। यदि उत्तर गलत होने पर बदलना चाहें, तो उसे रबर से मिटाकर ओवल में सही की पूर्ति कर सकते हैं।

1 Mental Ability Test shall be completed in first 90 minutes. Scholastic Aptitude Test will follow it.
Answers of the Mental Ability Test is to be marked in given OMR sheet.
The Mental Ability Test Answer sheet will be collected after first 90 Minutes.

2 Please write your Roll No. as given on your Admission Card, very clearly (only one digit in one box). Please see that no box is left unfilled.

Example :

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | 0 | 4 | 0 | 3 | 2 | 1 | 5 |

3 The test is in two Parts, **Part – I** consists of **90 questions**. Each question carry one mark.
**Mental Ability Test – 45 questions (1-45)**
**Hindi - 25 questions (46-70)**
**English - 20 questions (71-90)**

4 One oval of correct Answer should be darkened by the candidates with **HB pencil of corresponding question of the OMR Sheet** If scanner is unable to read the darkened oval then all the responsibility lies on the candidate. If oval is wrongly filled by the candidate he is free to erase it & darken the correct oval.

---

नोट : इस पुस्तिका में अपना रोल नम्बर एवं रफ कार्य के लिए दिए गए स्थान पर केवल रफ कार्य करने के अतिरिक्त कहीं कुछ न लिखिए।

Note – Do not write anything anywhere in the booklet except your Roll Number and Rough Work at the place meant for it.

**प्रश्न(1–3) / Questions(1-3)** निर्देश : प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या श्रेणी दी गई है जिसमें एक पद गायब है, जिसे प्रश्न सूचक चिन्ह(?) से दर्शाया गया है। यह पद उस श्रेणी के नीचे दिए गए चार विकल्पों (संख्या) में से एक है। वह संख्या है –

Directions : In each question there is a number series with one term missing shown by question mark(?). This term is one of the alternatives among four numbers given under it. That number is –

(1). 1, 4, 10, 22, 46, (?)

(1) 48 (2) 68

(3) 82 (4) 94

(2). 6, 13, 25, 51, 101, (?)

(1) 201 (2) 202

(3) 203 (4) 205

(3). 4, 27, 16, 125, 36, (?)

(1) 243 (2) 216

(3) 341 (4) 343

**प्रश्न(4–6) / Questions(4-6)** निर्देश : इन प्रश्नों में प्रत्येक में कुछ संख्याएँ एक श्रेणी क्रम में दी गई हैं, जिनमें एक पद अशुद्ध है। यह पद नीचे लिखे चार विकल्पों में से एक है। अशुद्ध पद है –

Directions : These questions consist of a number series which contains a wrong term. This term is given as one of the four alternatives among the four numbers given below. The wrong term is -

(4). 1, 4, 3, 16, 5, 32, 7, 64

(1) 4 (2) 5

(3) 32 (4) 7

(5). 3, 10, 29, 60, 127, 218, 345

(1) 10 (2) 29

(3) 60 (4) 127

(6). 3, 3, 9, 18, 72, 360, 2160

(1) 3 (2) 9

(3) 18 (4) 72

---

रफ कार्य

**प्रश्न(7–10) / Questions(7-10)** निर्देश : प्रत्येक प्रश्न में चार समूह हैं। एक समूह शेष तीन समूह से किसी दृष्टि से भिन्न है। इस भिन्न समूह को ढूँढिए –
Directions : Each question consists of four groups. One set is different from the other three in someway. Find out the different set –

(7). (1) VRQP (2) SONM
(3) FDCB (4) LHGF

(8). (1) BGLQ (2) MRWB
(3) INSX (4) EJNR

(9). (1) 87 (2) 67
(3) 47 (4) 17

(10). (1) टेलीविजन / Television (2) चलचित्र / Cinema
(3) रेडियो / Radio (4) अभिनय / Acting

**प्रश्न(11–13) / Questions(11-13)** निर्देश : निम्न प्रश्नों में एक अक्षर श्रेणी दी गई है जिसमें से एक पद लुप्त है, जिसे प्रश्न सूचक (?)से दर्शाया गया है। सही पद के क्रम को उत्तर पत्रक में दर्शाएँ।
Directions : In the following questions there is a letter series with one term missing shown by (?). Find this term and encircle its serial.

(11). OTE, PUF, QVG, RWH, (?)
(1) SYJ (2) TXJ
(3) SXJ (4) SXI

(12). DEF, HIJ, MNO, (?)
(1) STU (2) RST
(3) RTV (4) SRQ

(13). AYD, BVF, DRH, (?), KGL
(1) FMI (2) GMJ
(3) HLK (4) GLJ


---

रफ कार्य

**प्रश्न(14–16) / Questions(14-16)** निर्देश : प्रत्येक प्रश्न में वृत्त दिए गए हैं। उनके अन्दर/बाहर विशेष नियम द्वारा कुछ संख्याएँ दी गई हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक वृत्त के अन्दर (?) चिन्ह दिया गया है। उस रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प चुनिए।


Directions : In each question there are circles. Certain numbers are given inside/outside the circles according to a particular rule. In each question one of the circle has a (?) mark inside it. Choose the correct answer to fill in the space marked (?) from the given alternatives.

(14).





(1) 7
(2) 9
(3) 13
(4) 15

(15).




(1) 49
(2) 51
(3) 59
(4) 21

(16).




(1) 8
(2) 9
(3) 10
(4) 11

रफ कार्य

**प्रश्न(17–19) / Questions(17-19)** निर्देश : निम्नांकित प्रश्नों में दी गई अक्षर श्रेणियों में कुछ अक्षर गायब हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक सही क्रम का विकल्प चुनिए।

Directions : These questions are based on letter series in which some of the letters are missing. The missing letters are given in the proper sequence in one of the alternatives among the four given under each question. Find out the correct alternatives for each question.

(17). __b__cba__ba__b__

(1) aabba (2) aabca

(3) acbca (4) cacca

(18). bc__b__c__b__ccb

(1) cbcb (2) bbcb

(3) cbbc (4) bcbc

(19). __pq__mp__rm__qrmp__

(1) mprqr (2) mrrpm

(3) rprmq (4) mrqpq

**प्रश्न(20–22) / Questions(20-22)** निर्देश : वर्ग के नौ खण्डों में से एक खण्ड खाली छोड़ा गया है तथा शेष खण्डों में संख्या लिखी गई है जो किसी विशिष्ट नियम का पालन करती है। उस नियम को ज्ञात कर खण्ड (?) के लिए उचित विकल्प चुनिए।

Directions : Out of nine cells of a square one cell is left blank, and in the rest of cells numbers are written which follow some rule. Get the rule and find out the proper option for the blank cell (?).

(20).

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 2 | (?) |
| 8 | 19 | 9 |
| 12 | 4 | 16 |

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3

(21).

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 8 | 9 |
| 12 | 18 | 15 |
| 24 | 8 | (?) |

(1) 3 (2) 16

(3) 8 (4) 12

रफ कार्य


(22).

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 7 | 28 |
| 5 | 9 | 36 |
| 8 | (?) | 48 |

(1) 6 (2) 10
(3) 12 (4) 28


**प्रश्न(23–24) / Questions(23-24) निर्देश** : पासों के दर्शाए गए चित्र पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।
Directions : Find out the correct alternative of the questions based on the Dias figures.

(23).




अंक 6 के विपरीत पृष्ठ पर कौनसी संख्या होगी ?
The number opposite side the face having the no. 6 will be -
(1) 5 (2) 4
(3) 2 (4) 1


(24).




अंक 4 के विपरीत पृष्ठ पर कौनसी संख्या होगी ?
The number opposite side the face having the no. 4 will be -
(1) 3 (2) 5
(3) 1 (4) 6


प्रश्न (25). निम्नांकित चित्र को घन के रूप में परिवर्तित किया जाये तो कौनसा रूप सही होगा ?
The following figure is converted to a cube. Its correct shape will be –


प्रश्न चित्र / Question figure






**रफ कार्य**

उत्तर चित्र / Answer figure

(1)



(2)



(3)



(4)



प्रश्न (26). तस्वीर में मनुष्य की ओर संकेत करते हुए रीता ने कहा कि ''वह मेरे चाचा की लड़की का भाई है।'' तस्वीर में जो मनुष्य है, वह रीता से किस प्रकार से सम्बन्धित है ?

Pointing the man in the photograph, Reeta said "He is the brother of my uncle's daughter." How is the man in the photograph related to Reeta ?

(1) पुत्र / Son (2) भतीजा / Nephew
(3) चाचा / Uncle (4) चचेरे भाई / Cousin

प्रश्न (27). निम्नांकित श्रेणी में ऐसे कितने 7 हैं जिसके ठीक पहले 9 है परन्तु ठीक बाद में 6 है।

How many 7's are there in the following sequence which are followed by 6 and preceded by 9?

7 8 9 7 6 5 3 4 2 8 9 7 2 4 5 9 2 9 7 6 4 7

(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5

**प्रश्न(28–29) / Questions(28-29)** निर्देश : दिए गए विकल्पों में से लुप्त पद को ज्ञात कीजिए।
Directions : Find out the missing one from the given alternatives.

(28). 42 : 20 : : 64 : (?)

(1) 34 (2) 33
(3) 32 (4) 31


(29). 8 : 28 : : 27 : (?)

(1) 64 (2) 65
(3) 8 (4) 28

प्रश्न (30). दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या कितनी होगी ?

What will be the number of triangles in the given figure ?

**रफ कार्य**



(1) 6 (2) 7
(3) 8 (4) 9

**प्रश्न(31–34) / Questions(31-34)** निर्देश : नीचे दी गई सारणी में स्तम्भ I स्तम्भ II दिए हैं। स्तम्भ I में लिखे गए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों को स्तम्भ II में संकेत करके लिखा गया है, परन्तु यह उसी क्रम में नहीं है जिस क्रम में स्तम्भ I में लिखे गये हैं। स्तम्भ I का स्तम्भ II के साथ गहनता से अध्ययन करके पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें –

Directions : In the below table column I and Column II are given. In column I below, some words are given. In column II, their codes are given but they are not arranged in the same order in which they are in column I. Study the letters in both the columns and find out the code to the letter given in each of the following questions.

| स्तम्भ I/ (Column – I) | स्तम्भ II/ (Column – II) |
|---|---|
| BLUSH | mbfdk |
| GRANT | wpqvc |
| STYLE | yhvdk |
| BRAIN | qgwpf |
| CRUST | jbdpu |
| LARGE | yckpq |

(31). 'L' का सांकेतिक अक्षर है / Code letter of 'L' is :
(1) k (2) d
(3) y (4) p

(32). 'U' का सांकेतिक अक्षर है / Code letter of 'U' is :
(1) d (2) f
(3) b (4) g

(33). 'G' का सांकेतिक अक्षर है / Code letter of 'G' is :
(1) p (2) q
(3) c (4) w

रफ कार्य

(34). 'Y' का सांकेतिक अक्षर है / Code letter of 'Y' is :

(1) v (2) d

(3) k (4) h

**प्रश्न(35–36) / Questions(35-36)** निर्देश : निम्नांकित प्रश्नों में पद (अक्षर / शब्द / चित्र) के प्रतिबिम्ब दर्पण में दृष्टांकन करना है। दर्पण की स्थिति दी गई है। दिए गए विकल्पों में सही प्रतिबिम्ब चुनिए।
Directions : In the following questions visualize the image of the correct item.


(35).

QUALITY | Mirror **दर्पण**


(1) YTILAUQ (2) YUALITQ

(3) YTI⅃AUϘ (4) ϘUALITY (inverted)

(36).




Mirror
**दर्पण**



(1) (2) (3) (4)

**प्रश्न(37–39) / Questions(37-39)** निर्देश : निम्न प्रश्नों में से प्रत्येक में चार–चार चित्र दिए गए हैं। इनमें से एक चित्र अन्यों से मेल नहीं खाता। उस चित्र का सही क्रमांक ज्ञात कीजिए।
Directions : In each of the following question four figures are given. One of these figures does not fit the rest of the figures. Find out that correct serial number.


(37).



(1) (2) (3) (4)


**रफ कार्य**

(38).



(1) (2) (3) (4)

(39).




(1) (2) (3) (4)


**प्रश्न(40–42) / Questions(40-42)** निर्देश : चित्रों के दो समूह दिए गए हैं। एक समूह प्रश्न–चित्र तथा दूसरा उत्तर – चित्र का है। प्रश्न चित्र को किसी एक क्रम में व्यवस्थित किया गया है। उत्तर चित्रों में से एक चित्र का चयन करना है जो प्रश्न–चित्र के क्रमानुसार आगे जोड़ा जा सके। चयनित उत्तर चित्र का सही क्रमांक ज्ञात कीजिए।

Directions : Two sets of the figures are given. One set of question figures and another set is of answer figures. Question figures are arranged in a sequence. One figure from the answer figures is to be selected such that it can be placed after the series of question figures. Find the correct serial number of the selected answer – figure.

(40). प्रश्न–चित्र / Question Figures




उत्तर चित्र / Answer Figures




(1) (2) (3) (4)

रफ कार्य

(41). प्रश्न–चित्र / Question Figures




उत्तर चित्र / Answer Figures




(1) (2) (3) (4)

(42). प्रश्न–चित्र / Question Figures



उत्तर चित्र / Answer Figures



(1) (2) (3) (4)


**प्रश्न(43–45) / Questions(43-45)** निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में (: :) के बांई ओर दी गई दो आकृतियों में कुछ सम्बन्ध है। वही सम्बन्ध दाहिनी ओर के दो पदों में है जिनमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस लुप्त पद को ज्ञात करें।

Directions : In the following questions there is some relationship between the two figures on the left of (: :) the same relationship exists between the two terms on the right of which one is missing. Find the missing one from the given alternatives.


---

**रफ कार्य**

(43). प्रश्न–चित्र / Question Figures




उत्तर चित्र / Answer Figures




(1) (2) (3) (4)

(44). प्रश्न–चित्र / Question Figures




उत्तर चित्र / Answer Figures




(1) (2) (3) (4)

(45). प्रश्न–चित्र / Question Figures



उत्तर चित्र / Answer Figures



(1) (2) (3) (4)

---

**रफ कार्य**

(46). निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–

(1) रेडियो की उत्पत्ति किसने की?
(2) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवि है।
(3) प्रातःकाल घूमना चाहिए।
(4) उसने जल्दी घर जाना है।

(47). 'व्यापारिक' शब्द में प्रत्यय है–

(1) रिक
(2) इक
(3) क
(4) ईक

(48). 'संग्रहालय' शब्द का सन्धि विच्छेद होगा

(1) संग्रहा+लय
(2) संग्रहा+आलय
(3) संग्रह+आलय
(4) संग्र + हालय

(49). 'सम्मान' शब्द में उपसर्ग है –

(1) स
(2) सम्
(3) मान
(4) आन

(50). ''पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सो पग धोए।'' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?

(1) उपमा
(2) यमक
(3) मानवीकरण
(4) अतिशयोक्ति

(51). ''खुराफाती'' शब्द का अर्थ है–

(1) बनावटी
(2) शिष्टाचारी
(3) शरारती
(4) खोजी

(52). बादल को संदेशवाहक बनाकर कालिदास ने कौनसा काव्य लिखा है?

(1) अभिज्ञानशाकुतलम
(2) ऋतुसंहार
(3) रघुवंश
(4) मेघदूत

(53). 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(1) रवि
(2) भानु
(3) दिनकर
(4) मधुकर

---

**रफ कार्य**

(54). 'ज्ञ' किन वर्णों का संयुक्त रूप है?
(1) ज् + ञ (2) ज् + य
(3) ग् + य (4) ग् + ञ

(55). "वह हाथों से शिकार को जकड़ लेती थी।" रेखांकित पद में कारक है –
(1) कर्मकारक (2) करण कारक
(3) सम्प्रदान कारक (4) अधिकरण कारक

(56). निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा दर्शाने वाला शब्द है –
(1) आम (2) सुंदरता
(3) मीठा (4) कक्षा

(57). "तरूवर................ नहीं खात है, सरवर पियत न पान"। रिक्त स्थान में शब्द प्रयुक्त होगा –
(1) जल (2) फल
(3) पात (4) बात

(58). "श्वेत" शब्द का विलोम होगा–
(1) सफेद (2) हरा
(3) शीत (4) श्याम

(59). निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –
(1) पेत्रक (2) पेतृक
(3) पैतृक (4) पैतक

(60). 'मुँह में राम बगल में छुरी' लोकोक्ति का अर्थ होगा –
(1) अच्छा व्यवहार जताना किन्तु धोखा देने की नीयत।
(2) छोटा मुँह बड़ी बात करते फिरना।
(3) मुँह में छुरी रखना व राम का नाम लेना।
(4) मुँह में छुरी रखने से खून आना।

---

**रफ कार्य**

**निर्देशः**– निम्नलिखित गद्यावतरण को पढ़कर प्रश्न संख्या 61 से 65 तक उत्तर दीजिए–

पत्र व्यवहार की परम्परा भारत में बहुत पुरानी है। पर इसका असली विकास आजादी के बाद ही हुआ है। तमाम सरकारी विभागों की तुलना में सबसे ज्यादा गुडविल डाक विभाग की ही है। इसकी एक खास वजह यह भी है कि यह लोगों को जोड़ने का काम करता है। घर – घर तक इसकी पहुँच है। संचार के तमाम उन्नत साधनों के बाद भी चिठ्ठी पत्री की हैसियत बरकरार है।

(61). कौनसी परंपरा भारत में बहुत पुरानी है?

(1) विकास की (2) आजादी की

(3) साधनों की (4) पत्र व्यवहार की

(62). तमाम सरकारी विभागों की तुलना में सबसे ज्यादा गुडविल है –

(1) रेल विभाग (2) जलदाय विभाग

(3) डाक विभाग (4) बिजली विभाग

(63). 'गुडविल' शब्द का अर्थ होगा–

(1) सरकारी (2) पत्र

(3) आजादी (4) अच्छी छवि

(64). "घर – घर तक इसकी पहुँच है।" रेखांकित शब्दों को जोड़ने वाला चिन्ह कहलाता है–

(1) प्रश्नवाचक चिन्ह (2) समास योजक चिन्ह

(3) पूर्ण विराम (4) अवतरण चिन्ह

(65). 'उन्नत' शब्द का विलोम होगा–

(1) अवनत (2) उन्नति

(3) प्रमुख (4) अच्छा

**निम्न लिखित पद पढ़कर प्रश्न संख्या 66 से 70 के उत्तर दीजिए–**

बरसे बदरिया सावन की,
सावन की, मन भावन की,
सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़ – घुमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की।।
नन्हीं – नन्हीं बूंदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर ! आनंद मंगल गावन की।।

---

**रफ कार्य**

(66). इस पद की रचना किसने की है?

(1) मीरा (2) गिरधर

(3) नागर (4) प्रभु

(67). इस पद में आये 'हरि' शब्द का अर्थ है –

(1) सुदामा (2) कृष्ण

(3) बलराम (4) बादल

(68). पवन सुहावनी लगती है –

(1) उष्ण (2) शुष्क

(3) शीतल (4) आर्द्र

(69). '<u>नन्हीं–नन्हीं</u> बूँदन मेहा बरसे।' पंक्ति में रेखांकित शब्द है –

(1) संज्ञा (2) सर्वनाम

(3) क्रिया (4) विशेषण

(70). "चहुँदिस" शब्द का अर्थ है –

(1) चारों ओर (2) चारों दिशाएँ

(3) चार देश (4) चार ऋतुएँ

**Q. No. 71-74** - Read the following passage and answer the questions given below:-

Beni Ram found Gannu sitting close to her mother's body. Her leathery face was stained with tears. Beni Ram walked up to her slowly, not wanting to scare her. Then he stopped and held out a hand.

"Aa, aa.........come" he whispered.

The baby elephant looked at him and then turned away. So Beni Ram quietly went home. The next morning, he returned. Now Gannu's head was resting close to her mother's still body. She was looking at her mother out of the corner of her eyes. Beni Ram had brought bananas from his orchard. He held one out to Gannu, but she ignored him.

Beni Ram had no luck with Gannu for two whole days. Each day when he came to collect firewood from the forest, he offered her food. But she wouldn't look at him. Then, on the third day, she raised her head and sniffed his hand with her trunk. Beni Ram felt her soft breath blowing on his palm.

Slowly she got up and followed him. She turned one last time to look at her mother, as if to say good bye.

---

**रफ कार्य**

(71). Gannu was a -
(1) baby cow (2) baby dog
(3) baby elephant (4) baby sheep

(72). Which fruit had Beni Ram brought from his orchard?
(1) bananas (2) guavas
(3) apples (4) pomegranates

(73). Beni Ram came to the forest each day to collect -
(1) Fruits (2) Vegetables
(3) Firewood (4) leaves

(74). Gannu's leathery face was stained with tears because -
(1) She was ill (2) Her mother had died
(3) her brother was lost (4) None of the above

**Q.75 - 76 Choose the correct articles for the blanks:**

(75). There was only one thing that made _____king angry.
(1) a (2) an
(3) the (4) None

(76). Suddenly, there was ____loud sound.
(1) a (2) an
(3) the (4) None

**Q.77-78. Choose the correct prepositions for the blanks -**

(77). Without waiting _________the kings reply, he flew off.
(1) on (2) of
(3) for (4) at

रफ कार्य

(78). Sami liked ________ play with rabbits and squirrels.

(1) at (2) to
(3) for (4) None

**Q. 79-80. Choose the correct gender for the given words**

(79). Nephew

(1) niece (2) sister
(3) mother (4) uncle

(80). Prince

(1) tigress (2) actress
(3) empress (4) princess

**Q.81-82 Choose the correct plural for the given words -**

(81). Tooth

(1) teeth (2) tooth
(3) teeths (4) tooths

(82). sheep

(1) Sheepes (2) sheeps
(3) ship (4) sheep

**Q.83-84 Choose the opposite for the given words:**

(83). Fortunate

(1) disfortunate (2) unfortunate
(3) infortunate (4) imfortunate

(84). Pull

(1) push (2) bush
(3) full (4) dull

---

**रफ कार्य**

(85). Choose the word which is mis spelt

(1) queen | (2) wership
(3) benefit | (4) village

(86). Choose the word which is spelt correctly -

(1) Ragular | (2) Regular
(3) Reguler | (4) Reglur

**Q.87-88 Choose the word which have similar meaning -**

(87). wise

(1) clever | (2) fool
(3) weak | (4) strong

(88). old

(1) modern | (2) ancient
(3) new | (4) recent

**Q.89-90 Choose the correct answer for a group of words :-**

(89). very tasty

(1) sweet | (2) delicious
(3) sour | (4) salty

(90). A place where horses are kept -

(1) cow shed | (2) hole
(3) kennel | (4) stable

---

रफ कार्य

रोल नं.
Roll No. | 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | | | | | | | |

NMMSE 16 - SAT

# नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा – 2016
(कक्षा – 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

# NATIONAL MEANS-CUM- MERIT SCHOLARSHIP EXAMINATION – 2016
(For Students Studying in Class – 8)

## शैक्षिक योग्यता परीक्षण
## Scholastic Aptitude Test

भाग / PART-II

समय : 90 मिनट
**Time : 90 Minutes**

पूर्णांक : 90
**Max. Marks : 90**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / Instructions to Candidates

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए

Read the following instructions carefully before you answer the questions –

1 अपना रोल नम्बर, जैसा कि आपके प्रवेश पत्र में दिया गया है, स्पष्ट लिखिए (एक बॉक्स में केवल एक अंक) यह ध्यान रखें कि कोई बॉक्स रिक्त न रह जाए।

उदाहरण :

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | 0 | 4 | 0 | 3 | 2 | 1 | 5 |

1 Please write your Roll No. as given on your Admission Card, very clearly (only one digit in one box). Please see that no box is left unfilled.

Example :

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 0 | 1 | 6 | 0 | 4 | 0 | 3 | 2 | 1 | 5 |

2 **भाग – द्वितीय** में 90 प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

**मूल विज्ञान –35 प्रश्न(1 से 35 तक)**

**सामाजिक विज्ञान –35 प्रश्न (36 से 70 तक)**

**गणित – 20 प्रश्न (71 से 90 तक)**

2 **Part – II** consists of **90 questions**. Each question carry one marks.

**Basic science** – **35 questions (1-35)**

**Social Science** - **35 questions (36-70)**

**Mathematics** - **20 questions (71-90)**

3 प्रत्येक प्रश्न का **उत्तर उत्तर–पत्रक** में उसी प्रश्न संख्या के सामने दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प वाली संख्या के ओवल में **एच बी पेन्सिल से गहरा काला** कर दीजिए। गहरा काला न होने पर स्केनर द्वारा न पढ़े जाने की जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी। यदि उत्तर गलत होने पर बदलना चाहें, तो उसे रबर से मिटाकर ओवल में सही की पूर्ति कर सकते हैं।

3 One oval of correct Answer should be darkened by the candidates with **HB pencil of corresponding question of the OMR Sheet** If scanner is unable to read the darken oval then all the responsibility lies on the candidate. If oval is wrongly filled by the candidate he is free to erase it & darken the correct oval.

---

नोट : इस पुस्तिका में अपना रोल नम्बर एवं रफ कार्य के लिए दिए गए स्थान पर केवल रफ कार्य करने के अतिरिक्त कहीं कुछ न लिखिए।

Note – Do not write anything anywhere in the booklet except your Roll Number and Rough Work at the place meant for it.

(1). ध्वनि तरंगें गति करती हैं –
Sound waves travel in -
(1) केवल ठोस में / only in solid
(2) केवल द्रव में / only in liquid
(3) केवल वायु या गैसों में / Only in air or gases
(4) ठोस, द्रव व गैस में / in solid, liquid and gas

(2). आपतन कोण परावर्तन कोण के बराबर होता है –
Incident angle is equal to reflection angle -
(1) सदैव / Always
(2) कभी कभी / Occasionally
(3) विशेष दशाओं में / In special Condition
(4) कभी नहीं / Never

(3). चाल का मूल मात्रक है –
Basic unit of speed is -
(1) किमी/मिनिट / Km/minute
(2) मीटर/मिनिट / m/minute
(3) किमी/घंटा / Km/hour
(4) मीटर/सैकंड / m/sec.

(4). इन्द्रधनुष बनने की परिघटना कहलाती है –
The phenomenon of formation of Rainbow is known as -
(1) परावर्तन / Reflection
(2) विक्षेपण / Dispersion
(3) विसरित परावर्तन /Diffused Reflection
(4) पार्श्व परिवर्तन / Lateral Inversion

(5). डबल रोटी के निर्माण के दौरान निकलने वाली गैस है –
The gas released during the preparation of bread is -
(1) नाइट्रोजन / Nitrogen
(2) कार्बन डाई ऑक्साइड / Carbon di Oxide
(3) ऑक्सीजन / Oxygen
(4) क्लोरीन / Chlorine

---

**रफ कार्य**

(6). 'सी.एन.जी.' ईंधन का उष्मीय मान है –
The Calorific value of "CNG" fuel is -
(1) 45,000 किलो जूल / किग्रा 45,000 KJ/Kg
(2) 35,000 किलो जूल / किग्रा 35,000 KJ/Kg
(3) 50,000 किलो जूल / किग्रा 50,000 KJ/Kg
(4) 55,000 किलो जूल / किग्रा 55,000 KJ/Kg

(7). अधातु का उदाहरण है –
Example of non metal is -
(1) सल्फर / Sulphur
(2) आयरन / Iron
(3) जस्ता / Zinc
(4) कॉपर / Copper

(8). नींबू में कौन सा अम्ल पाया जाता है?
Which acid is found in Lemon?
(1) एसीटिक एसिड / Acetic Acid
(2) सिट्रिक एसिड / Citric Acid
(3) ऑक्जेलिक एसिड / Oxalic Acid
(4) लैक्टिक एसिड / Lactic Acid

(9). निम्नलिखित में से किस विलयन में विद्युत धारा का प्रवाह नहीं होगा?
Which one of the following solution will not conduct electricity?
(1) नल का पानी / Tap Water
(2) नींबू का रस / Lemon Juice
(3) वनस्पति तेल / Vegetable Oil
(4) सिरका / Vinegar

(10). खाना पकाने के बर्तनों के हैण्डिल बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त पदार्थ है –
The most suitable material for the preparation of handles of cooking utensils is -
(1) पॉलीथीन / Polythene
(2) नायलॉन / Nylon
(3) पी.वी.सी. / PVC
(4) बैकेलाइट / Bakelite

---

**रफ कार्य**

(11). 1 हर्ट्ज बराबर होता है –
1 Hertz is equal to -
(1) 1 कम्पन/मिनिट
1 Vibration / Minute
(2) 10 कम्पन/मिनिट
10 Vibrations / Minute
(3) 60 कम्पन/मिनिट
60 Vibrations / Minute
(4) 600 कम्पन/मिनिट/
600 Vibrations / Minute

(12). कितने डेसीबल से अधिक शोर हमारे शरीर के लिए कष्टदायक होता है?
Noise of how much decibels are harmful for our body?
(1) 70 dB
(2) 80 dB
(3) 50 dB
(4) 40 dB

(13). प्रति एकाँक क्षेत्रफल पर लगने वाला बल कहलाता है?
Force per unit area is called as -
(1) गुरूत्व / Gravity
(2) घर्षण / Friction
(3) चुंबकीय बल / Magnetic Force
(4) दाब / Pressure

(14). प्रोटोज़ोआ द्वारा होने वाला रोग जो एक मच्छर के द्वारा फैलता है –
The disease caused by a protozoan and spread by an insect is -
(1) डेंगू / Dengue
(2) पोलियो / Polio
(3) मलेरिया / Maleria
(4) खसरा / Measles

(15). सही कथन का चयन कीजिये –
Choose the correct statement -
(1) गुण सूत्र केन्द्रिका में स्थित होते हैं
Chromosomes are located in nucleolus
(2) कोशिका केंद्रक में स्थित होती है
Cell is located in the nucleus
(3) जीन गुण सूत्र में स्थित होते हैं
Genes are located in the chromosomes
(4) केंद्रक, कोशिका झिल्ली से घिरी होती है
Cell membrane surrounds the nucleus

---

**रफ कार्य**

(16). कलिका द्वारा जनन होता है –
Reproduction by budding takes place in -
(1) पैरामिशियम / Paramecium
(2) हाइड्रा / Hydra
(3) अमीबा / Amoeba
(4) बैक्टिरिया / Bacteria

(17). मक्का की फसल उगाने के लिए निम्न में से कौन सी परिस्थिति आवश्यक नहीं है?
Which one of the following condition is not essential to grow maize?
(1) कम तापक्रम / Low Temperature
(2) आर्द्रता / Humidity
(3) वर्षा / Rain Fall
(4) उच्च तापक्रम / High Temperature

(18). शुद्ध जल होता है –
Pure water is -
(1) अम्लीय / Acidic
(2) उदासीन / Neutral
(3) क्षारीय / Alkaline
(4) इनमें से कोई नहीं / None of these

(19). संचरणीय रोगों का प्रमुख कारक है –
Main factor of communicative diseases is -
(1) चींटी / Ant
(2) ड्रेगन मक्खी / Dragon Fly
(3) घरेलू मक्खी / House Fly
(4) मकड़ी / Spider

(20). पेनिसिलिन नामक प्रति जैविक की खोज किसने की –
Who discovered antibiotic named Penicillien -
(1) एडवर्ड जेनर / Edward Jenner
(2) लुई पाश्चर / Louis Pasteur
(3) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग / Alexender Flemming
(4) वॉटर मेन / Water Man

---

**रफ कार्य**

(21). मछलियां किस अंग से श्वसन करती हैं ?
Which organ is used for respiration in fishes?
(1) फुफ्फुस / Lungs
(2) त्वचा / Skin
(3) गिल्स / Gills
(4) श्वास प्रणाल / Trachea

(22). अपशिष्ट जल उपचार के सह उत्पाद हैं –
By products of waste water treatment are -
(1) अपंक व कोक / Sludge and Coke
(2) कोक व मोम / Coke and Wax
(3) अपंक व जैव गैस / Sludge and Bio Gas
(4) एलपीजी एवं सीएनजी / LPG and CNG

(23). पृथ्वी की सतह का लगभग कितने प्रतिशत भाग जल से ढका है –
Approximate percentage of surface area of the earth covered by water is -
(1) 90 %
(2) 50 %
(3) 40 %
(4) 71 %

(24). निम्नलिखित में से कौन सा वन उत्पाद है?
Which of the following is a forest product?
(1) केरोसीन / Kerosine
(2) कोक / Coke
(3) प्लाईवुड / Plywood
(4) बिटु मेन / Bitumen

(25). पृथ्वी का मध्य भाग कहलाता है –
The middle part of the earth is called -
(1) भूपर्पटी / Crust
(2) प्रावार / Mantle
(3) आंतरिक क्रोड / Inner Core
(4) बाह्य क्रोड / Outer Core

---

**रफ कार्य**

(26). नेत्र के उस भाग का नाम बताइये जो नेत्र को रंग प्रदान करता है –
Name the part of the eye which gives colour to the eyes -
(1) आइरिस / Iris
(2) लेंस / Lens
(3) कॉर्निया / Cornea
(4) रेटिना / Retina

(27). परजीवी पादप का उदाहरण है –
Example of parasite plant is -
(1) घटपर्णी / Pitcher Plant
(2) आम / Mango
(3) केला / Banana
(4) अमरबेल / Amarbel / Cuscuta

(28). एक लिंगी पुष्प का उदाहरण है –
Example of unisexual flower is -
(1) सरसों / Mustard
(2) गुलाब / Rose
(3) पिटुनिआ / Pitunia
(4) पपीता / Papaya

(29). थायरॉक्सिन हार्मोन की कमी से होने वाला रोग है –
The disease caused due to the deficiency of the thyroxin hormone is -
(1) रिकेट्स / Rickets
(2) स्कर्वी / Scurvy
(3) गॉयटर / Goiter
(4) हीमोफिलिया / Hamophilia

(30). निम्न में से किसमें बाह्य निषेचन होता है?
Which one of the following shows the characteristics of external fertilization?
(1) मानव / Man
(2) मेंढक / Frog
(3) मुर्गी / Hen
(4) गाय / Cow

---


**रफ कार्य**

(31). मनुष्य में लिंग निर्धारण की प्रक्रिया में पुत्री का निर्माण होता है –
In sex determination Girl child in human being develops from -
(1) एक (X)गुणसूत्र से / One (X) chromosome (2) एक (Y) गुणसूत्र से / One (Y) chromosome
(3) दो (Y)गुणसूत्र से / Two (Y) chromosomes (4) दो (X)गुणसूत्र से / Two (X) chromosomes

(32). पादप का जनन भाग होता है –
Reproductive part of plant is -
(1) पर्ण / Leaf
(2) तना / Stem
(3) मूल / Root
(4) पुष्प / Flower

(33). किस आयु वर्ग के किशोरों को "टीन एजर्स" कहा जाता है?
Which age group of adults is known as "Teen Agers"?
(1) 11–13 वर्ष / 11-13 Years
(2) 10–25 वर्ष / 10-25 Years
(3) 13–19 वर्ष / 13-19 Years
(4) 16–25 वर्ष / 16-25 Years

(34). प्रदर्शित लेग्यूम पादप में उपस्थित जड़ ग्रंथिकाओं में पाये जाने वाला जीवाणु है –
Which bacteria is found in root nodules of shown Legume Plant -



(1) नाइट्रोसोमोनास / Nitrosomonas
(2) राइज़ोबियम / Rhizobium
(3) एज़ेटोबेक्टर / Azatobactor
(4) क्लॉस्ट्रीडियम / Chlostridium

रफ कार्य

(35). "मार्बल कैंसर" परिघटना का कारण है –
The phenomenon of marble cancer is due to -
(1) अम्ल वर्षा / Acid Rain (2) कोहरा / Fog
(3) सी.एफ.सी/ CFCs (4) निलंबित कण / Suspended Particles

(36). निम्नलिखित में से कौनसा जैविक घटक है –
Which of the following is an organic element –
(1) पत्थर / Stone (2) जल/ Water
(3) मछली/ Fish (4) मिट्टी/ Soil

(37). 'मॉनाकी' पर्वत किस महासागर में स्थित है –
'Mauna Kea' Mountain is situated in which ocean -
(1) प्रशांत महासागर/ Pacific Ocean (2) अटलांटिक महासागर/ Atlantic Ocean
(3) हिन्द महासागर/ Indian Ocean (4) आर्कटिक महासागर/ Arctic Ocean

(38). इनमें से पवन की दिशा बताने वाला यंत्र कौनसा है –
Which instrument shows direction of wind among these -
(1) दिग्सूचक/ Wind wane (2) एनीमोमीटर/ Anemometer
(3) तापमापी/ Thermometer (4) वायुदाबमापी/ Barometer

(39). केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केन्द्र (काजरी) कहाँ स्थित है –
Where is Central Arid Zone Research Institute (CAZRI) is situated at -
(1) जयपुर/ Jaipur (2) उदयपुर/ Udaipur
(3) अजमेर/ Ajmer (4) जोधपुर/ Jodhpur

(40). शुष्क मौसम में अपने पत्ते गिरा देने वाले वन कहलाते है –
The forests shed their leaves in dry season are called -
(1) वर्षा वन/ Rain Forest (2) सवाना वन/ Savana Forest
(3) पतझड़ी वन/Deciduous Forest (4) सदाबहार वन/ Evergreen Forest

---

**रफ कार्य**

(41). सुन्दर लाल बहुगुणा एवं गौरा देवी का संबंध किससे है –
Sundar Lal Bahuguna and Gaura Devi are related to -
(1) अप्पिको आंदोलन / Appiko Movement (2) चिपको आंदोलन / Chipko Movement
(3) खेजड़ली आंदोलन / Khejdli Movement (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं / None of the above

(42). सिंधु नदी भारत के किस राज्य से होकर गुजरती है –
The Sindu River flows through which state of India -
(1) जम्मू–कश्मीर / Jammu – Kashmir (2) राजस्थान / Rajasthan
(3) हरियाणा / Haryana (4) बिहार / Bihar

(43). निम्नलिखित में से गलत जोड़े को पहचानिए –
Identify the wrong group -
(1) भारत – झुमिंग / India – Jhuming (2) मेक्सिको – मिल्पा / Mexico - Milpa
(3) ब्राज़ील – रोका / Brazil – Roka (4) मलेशिया – चेना / Malaysia - Chena

(44). अरावली पर्वत किस राज्य में स्थित है –
The Arawali Mountain is situated in which state -
(1) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh (2) राजस्थान / Rajasthan
(3) तमिलनाडू / Tamilnadu (4) महाराष्ट्र / Maharashtra

(45). राजस्थान, भारत के किस भाग में स्थित है –
Rajasthan is situated in which part of India –
(1) दक्षिण / South (2) उत्तर–पूर्व / North - East
(3) उत्तर – पश्चिम / North - West (4) दक्षिण–पूर्व / South - East

(46). 'उत्खात भूमि' का संबंध किस नदी से है –
'Bad Land Topography' is related to which river -
(1) चंबल / Chambal (2) बनास / Banas
(3) लूनी / Luni (4) माही / Mahi

---

**रफ कार्य**

(47). निम्नलिखित में से कौनसा एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है –
Which is a natural tourism place among the following -
(1) कोलायत / Kolayat
(2) देशनोक / Deshnok
(3) केवलादेव / Kevladeo
(4) हवामहल / Hawamahal

(48). विधायक बनने के लिए कितने वर्ष की आयु होनी चाहिए –
What is the age required to become MLA -
(1) 30 वर्ष / 30 Years
(2) 45 वर्ष / 45 Years
(3) 25 वर्ष / 25 Years
(4) 18 वर्ष / 18 Years

(49). समवर्ती सूची में सम्मिलित है –
Which of the following is included in concurrent list -
(1) पुलिस / Police
(2) कृषि / Agriculture
(3) बैंक / Bank
(4) वन / Forest

(50). राज्य का संवैधानिक मुखिया कौन होता है –
Who is the constitutional head of the State -
(1) राज्यपाल / Governor
(2) मुख्यमंत्री / Chief Minister
(3) प्रधानमंत्री / Prime Minister
(4) राष्ट्रपति / President

(51). किस देश की संसद में महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक है –
Highest women's participation in parliament is in -
(1) भारत / India
(2) स्वीडन / Sweden
(3) चीन / China
(4) इंग्लैण्ड / England

(52). निम्नलिखित में से कौनसा मौखिक वार्तालाप का साधन है –
Which is a means of oral conversation -
(1) चलचित्र / Film
(2) रेडियो / Radio
(3) टेलीविजन / Television
(4) फोन / Phone

---

**रफ कार्य**

(53). राजस्थान की प्रथम महिला विधायक कौन बनी –
Who is the first female MLA of Rajasthan -
(1) वसुन्धरा राजे / Vasundhara Raje (2) सोनिया गांधी / Soniya Gandhi
(3) यशोदा देवी / Yashoda Devi (4) मीना कुमारी / Meena Kumari

(54). यह भारतीय संविधान की विशेषता नहीं है –
Which is not a characteristic of Indian Constitution -
(1) लिखित / Written (2) कठोर / Rigid
(3) विशाल / Huge (4) निर्मित / Constructed

(55). निम्नलिखित में से कौनसा केन्द्र शासित प्रदेश है –
Which of the following is an Union Territory -
(1) मिजोरम / Mizoram (2) दिल्ली / Delhi
(3) पंजाब / Punjab (4) जयपुर / Jaipur

(56). लोकसभा में कुल कितने सदस्य होते हैं –
How many members are there in Lok Sabha -
(1) 545 (2) 645
(3) 445 (4) 200

(57). किस अनुच्छेद का प्रयोग आपातकाल लगाने के लिए नहीं किया जा सकता है –
The article which cannot be used to impose emergency -
(1) 352 (2) 356
(3) 345 (4) 360

(58). आय–व्यय का लेखा–जोखा क्या कहलाता है –
Accounting of income and expenditure is called -
(1) बजट / Budget (2) प्रबंधन / Management
(3) कार्यपुस्तिका / Work Book (4) तकनीकी / Technology

---

**रफ कार्य**

(59). भारत के किस राष्ट्रपति को 'मिसाइल मैन' भी कहा जाता है –
Which Indian President is also known as "Missile Man" -
(1) राजेन्द्र प्रसाद / Rajendra Prasad
(2) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम / A.P.J. Abdul Kalam
(3) प्रतिभा पाटील / Pratibha Patil
(4) प्रणब मुखर्जी / Pranab Mukherjee

(60). 'चांद बावड़ी (आभानेरी)' किस जिले में स्थित है –
'Chand Bavdi (Abhaneri)' is situated in which district -
(1) जोधपुर / Jodhpur
(2) हनुमानगढ़ / Hanumangarh
(3) कोटा / Kota
(4) दौसा / Dausa

(61). दिल्ली पर तुगलक वंश का शासन कब था ?
Tuglak dynasty's reign on Delhi was during -
(1) 1206 – 1290
(2) 1290 – 1320
(3) 1320 – 1414
(4) 1414 – 1451

(62). निम्नलिखित में से कौन पृथ्वीराज चौहान का वंशज है –
Who is the descendant of Prithvi Raj Chouhan among the following -
(1) हम्मीर देव / Hammir Dev
(2) महाराणा प्रताप / Maharana Pratap
(3) शिवाजी / Shivaji
(4) शाहजहाँ / Shahjahan

(63). मेवाड़ का कौनसा शासक कला व साहित्य का महान संरक्षक था –
Which king of Mewar was a great protector of art and literature -
(1) महाराणा उदयसिंह / Maharana Udai Singh
(2) राणा लाखा / Rana Lakha
(3) राणा सांगा / Rana Sanga
(4) राणा कुंभा / Rana Kumbha

(64). महाराणा प्रताप का जन्म कहाँ हुआ था ?
Where Maharana Pratap was born -
(1) उदयपुर / Udaipur
(2) चित्तौड़गढ़ / Chittorgarh
(3) कुंभलगढ़ / Kumbhalgarh
(4) गोगुंदा / Gogunda

---

**रफ कार्य**

(65). 'सोनारगढ़' किला कहां स्थित है –
'Sonargarh' Fort is situated in -
(1) जोधपुर / Jodhpur
(2) जैसलमेर / Jaisalmer
(3) उदयपुर / Udaipur
(4) भरतपुर / Bharatpur

(66). औरंगजेब की मृत्यु कब हुई थी –
Aurangzeb died in -
(1) 1707 ई. / 1707 A.D.
(2) 1520 ई. / 1520 A.D.
(3) 1947 ई. / 1947 A.D.
(4) 1656 ई. / 1656 A.D.

(67). आउवा की कुल देवी है –
Who is the 'Kuldevi' of Aouva -
(1) दुर्गामाता / Durga Mata
(2) काली माता / Kali Mata
(3) सुगाली माता / Sugali Mata
(4) लक्ष्मी माता / Laxmi Mata

(68). 'ब्रह्म सभा' का गठन किसने किया –
'Brahma Sabha' was framed by -
(1) महात्मा गांधी / Mahatma Gandhi
(2) विवेकानंद / Vivekanand
(3) रामकृष्ण परमहंस / Ram Krishna Paramhans
(4) राजा राम मोहन राय / Raja Ram Mohan Rai

(69). 'टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी' कहाँ स्थित है –
'Tata Iron and Steel Company' is situated at -
(1) दिल्ली / Delhi
(2) जमशेदपुर / Jamshedpur
(3) भिलाई / Bhilai
(4) बोकारो / Bokaro

---

**रफ कार्य**

(70). प्रथम विश्व युद्ध कब शुरू हुआ –
First World war started in -
(1) 1914 ई./ 1914 A.D.
(2) 1905 ई./ 1905 A.D.
(3) 1935 ई./ 1935 A.D.
(4) 1947 ई./ 1947 A.D.

(71). $8 \times (-3) + 10$ मान होगा–
Value of $8 \times (-3) + 10$ is equal to-
(1) 15
(2) 14
(3) -14
(4) 34

(72). $\frac{5}{6}$ के तुल्य भिन्न है –

Equivalent fraction of $\frac{5}{6}$ is -

(1) $\frac{18}{15}$
(2) $\frac{6}{5}$
(3) $\frac{50}{100}$
(4) $\frac{15}{18}$

(73). 8.4, 7.6 और 9.2 का औसत मान होगा –
Average of 8.4, 7.6 and 9.2 is -
(1) 8.4
(2) 4.8
(3) 9.2
(4) 7.6


(74). यदि $4x-3=33$ तो $x$ का मान होगा –
If $4x-3=33$ then value of $x$ is -
(1) 12
(2) 32
(3) 9
(4) 7.5

---

रफ कार्य

(75). 50 का 50% का मान होगा –
50% of 50 is equal to -
(1) 25 (2) 50
(3) 75 (4) 100

(76). दिये गये चित्र में $x^{o}$ का मान होगा –
Value of $x^{o}$ in given figure is -




(1) $45^{o}$ (2) $60^{o}$
(3) $180^{o}$ (4) $30^{o}$

(77). रवि ने 8000 रू में टी.वी. खरीदा तथा उसे बेच कर 20% लाभ कमाया । टी.वी. का बिक्री मूल्य होगा –
Ravi buy a T.V. for Rs. 8000 and sell it at profit of 20%, selling price of T.V is -
(1) Rs. 8020 (2) Rs. 9600
(3) Rs. 10000 (4) Rs. 7600

(78). $(5^6 \times 5^2) \div 5^3$ का मान होगा –
Value of $(5^6 \times 5^2) \div 5^3$ is -
(1) $5^4$ (2) $5^{11}$
(3) $5^5$ (4) $5^9$

---

रफ कार्य

(79). किसी वर्ग का परिमाप 100 मीटर हैं । उसका क्षेत्रफल होगा –
Perimeter of a square is 100 meter than area of that square is -
(1) 100 मीटर$^2$ ($m^2$)
(2) 10000 मीटर$^2$ ($m^2$)
(3) 400 मीटर$^2$ ($m^2$)
(4) 625 मीटर$^2$ ($m^2$)

(80). $4\frac{1}{2}+3\frac{1}{4}$ का मान होगा –
Sum of $4\frac{1}{2}+3\frac{1}{4}$ is equal to -
(1) $7\frac{3}{4}$
(2) $7\frac{2}{7}$
(3) $7\frac{3}{8}$
(4) $8\frac{1}{4}$

(81). यदि $x+\frac{1}{x}=5$ हो तो $x^2+\frac{1}{x^2}$ का मान होगा –
If $x+\frac{1}{x}=5$ than the value of $x^2+\frac{1}{x^2}$ is -
(1) 27
(2) 20
(3) 23
(4) 25

(82). उस कोण का मान जो अपने पूरक कोण के बराबर हैं, वह कोण होगा –
An angle which is equal to its complement is -
(1) $90^\circ$
(2) $60^\circ$
(3) $180^\circ$
(4) $45^\circ$

---

**रफ कार्य**

(83). एक वर्गाकार क्षेत्र का क्षेत्रफल 2304 $m^2$ हैं । इस क्षेत्र की भुजा की लम्बाई होगी –
Area of a square shape field is 2304 $m^2$ than the length of side is -
(1) 576 मीटर (m)
(2) 48 मीटर (m)
(3) 90 मीटर (m)
(4) 240 मीटर (m)

(84). 840 रू अंकित मूल्य वाली एक शर्ट 714 रू में बेची गयी। बट्टा प्रतिशत होगा –
A shirt of marked price Rs. 840 is sell at cost Rs. 714. Percentage of discount is -
(1) 14%
(2) 15%
(3) 126%
(4) 40%

(85). $x^2$-5$x$+6 के गुणन खण्ड है –
Factor of $x^2$-5$x$+6 are -
(1) ($x$-1) ($x$-6)
(2) ($x$-3) ($x$+2)
(3) ($x$-2) ($x$-3)
(4) ($x$+1) ($x$+6)

(86). $3^4$-$4^3$ का मान होगा –
$3^4$-$4^3$ is equal to -
(1) 1
(2) 7
(3) 145
(4) 17

(87). एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 48 सेमी$^2$ हैं । इसका एक विकर्ण 12 सेमी है। दूसरे विकर्ण की लम्बाई होगी –
Area of a rhombus is 48 $cm^2$. One of its diagonals is 12 cm. Length of another diagonal is
(1) 4 सेमी (cm)
(2) 12 सेमी (cm)
(3) 8 सेमी (cm)
(4) 6 सेमी (cm)

रफ कार्य

(88). $\frac{7}{15}$ का योज्य प्रतिलोम हैं –

Additive inverse of $\frac{7}{15}$ is -

(1) $\frac{15}{7}$
(2) $-\frac{15}{7}$
(3) $-\frac{7}{15}$
(4) $\frac{7}{15}$

(89). 15 श्रमिक किसी कार्य को 48 घन्टे में पूरा करते है। उसी कार्य को 20 घण्टे में पूरा करने के लिए कितने श्रमिकों की आवश्यकता होगी –

**15 labour can complete a job in 48 hours how many labour required to complete job in 20 hours.**

(1) $15 \times 48 \times 20$
(2) $\frac{15 \times 20}{48}$
(3) $\frac{48 \times 15}{20}$
(4) $\frac{48 \times 20}{15}$

(90). $(2000)^0$ का मान हैं –

Value of $(2000)^0$ is -

(1) 0
(2) 200
(3) 2000
(4) 1

---

**रफ कार्य**